क्रमांक

विषय कोड **3** पुस्तिका कोड **A**

# 2015 (II)
# जीव विज्ञान
## प्रश्न पत्र

**H**

*समय : 3:00 घंटे*

*पूर्णांक : 200 अंक*

## अनुदेश

1. ***आपने हिन्दी को माध्यम चुना है ।*** *इस परीक्षा पुस्तिका में एक सौ पैंतालीस* (20 *भाग* 'A' *में* + 50 *भाग* 'B' + 75 *भाग* 'C' *में* ) *बहुल विकल्प प्रश्न* (MCQ) *दिए गए हैं । आपको भाग* 'A' *में से अधिकतम* 15 *और भाग* 'B' *में* 35 *प्रश्नों तथा भाग* 'C' *में से* 25 *प्रश्नों के उत्तर देने हैं । यदि निर्धारित से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिए गए तो केवल भाग* 'A' *से* 15, *भाग* 'B' *से* 35 *तथा भाग* 'C' *से* 25 *पहले उत्तरों की जांच की जाएगी ।*
2. ***ओ.एम.आर.*** *उत्तर पत्रक अलग से दिया गया है । अपना रोल नम्बर और केन्द्र का नाम लिखने से पहले यह जांच लीजिए कि पुस्तिका में पृष्ठ पूरे और सही हैं तथा कहीं से कटे–फटे नहीं हैं । यदि ऐसा है तो आप इन्विजीलेटर से उसी कोड की पुस्तिका बदलने का निवेदन कर सकते हैं । इसी तरह से* ***ओ.एम.आर.*** *उत्तर पत्रक को भी जांच लें । इस पुस्तिका में रफ काम करने के लिए अतिरिक्त पन्ने संलग्न हैं ।*
3. ***ओ.एम.आर.*** *उत्तर पत्रक के पृष्ठ* 1 *में दिए गए स्थान पर अपना रोल नम्बर, नाम तथा इस परीक्षा पुस्तिका का क्रमांक लिखिए, साथ ही अपना हस्ताक्षर भी अवश्य करें ।*
4. ***आप अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में रोल नंबर, विषय कोड, पुस्तिका कोड और केन्द्र कोड से संबंधित समुचित वृतों को काले बॉल पेन से अवश्य काला करें। यह एक मात्र परीक्षार्थी की जिम्मेदारी है कि वह ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में दिए गए निर्देशों का पूरी सावधानी से पालन करें, ऐसा न करने पर कम्प्यूटर विवरणों का सही तरीके से अकूटित नहीं कर पाएगा, जिससे अंततः आपको हानि, जिसमें आपकी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अस्वीकृति भी शामिल है, हो सकती है ।***
5. *भाग* 'A' *तथा भाग* 'B' *में प्रत्येक प्रश्न के* 2 *अंक* 'C' *में प्रत्येक प्रश्न* 4 *अंक का है । प्रत्येक गलत उत्तर का ऋणात्मक मूल्यांक* 25 % *की दर से किया जाएगा ।*
6. *प्रत्येक प्रश्न के नीचे चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से केवल एक विकल्प ही "सही" अथवा "सर्वोत्तम हल" है । आपको प्रत्येक प्रश्न का सही अथवा सर्वोत्तम हल ढूंढना है ।*
7. *नकल करते हुए या अनुचित तरीकों का प्रयोग करते हुए पाए जाने वाले परीक्षार्थियों का इस और अन्य भावी परीक्षाओं के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है ।*
8. *परीक्षार्थी को उत्तर या रफ पन्नों के अतिरिक्त कहीं और कुछ भी नहीं लिखना चाहिए ।*
9. *केलकूलेटर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।*
10. ***परीक्षा समाप्ति पर छिद्र बिन्दु चिन्हित स्थान से OMR उत्तर पत्रक को विभाजित करें। इन्विजीलेटर को मूल OMR उत्तर पत्रक सौंपने के पश्चात आप इसकी कॉर्बनलैस प्रतिलिपि ले जा सकते हैं।***
11. *हिन्दी माध्यम/संस्करण के प्रश्न में विसंगति होने/पाये जाने पर अंग्रेजी संस्करण प्रमाणिक होगा ।*
12. *केवल परीक्षा की पूरी अवधि तक बैठने वाले परीक्षार्थी को ही परीक्षा पुस्तिका साथ ले जाने की अनुमति दी जाएगी ।*

*रोल नंबर* :................................

*अभ्यर्थी द्वारा भरी गई जानकारी को मैं सत्यापित करता हूँ*

*नाम* :........................................

.............................

*इन्विजीलेटर के हस्ताक्षर*

FOR ROUGH WORK

# *भाग* \PART 'A'

**1**. निम्न शबदों को समूहों में हर एक में एक संख्या छिपी हुई है, जिसके आधार पर आपको उन्हें घटते क्रम में व्यवस्थित करना है।:

E. थाली में छेद मत करो

F. खचरे को पांचा मत करना

G. बग़ीचा रम्य है।

H. बरसात में भीगे।

1. H, F, G, H　　2. E, G, F, H
3. H, F, G, E　　4. H, E, F, G

**1**. In each of the following groups of words is a hidden number, based on which you should arrange them in descending order. Pick the correct answer:

E. Papers I Xeroxed

F. Wi-Fi veteran

G. Yourself ourselves

H. Breaks even

1. H, F, G, H　　2. E, G, F, H
3. H, F, G, E　　4. H, E, F, G

**2**.



उपरोक्त चित्र में वर्गों की संख्या है

1. 30　　2. 29
3. 25　　4. 20

**2**.



The number of squares in the above figure is

1. 30　　2. 29
3. 25　　4. 20

**3**. एक दूकानदार एक उत्पाद को Rs. 100 में खरीदता है तथा उसे 10% लाभ में बेचता है। ग्राहक उसी चीज़ को उसी दूकानदार को 10% नुकसान भोगते हुये बेच देता है। इस लेन-देन में दूकानदार को मिलता है

1. कोई लाभ या नुकसान नहीं
2. Rs. 11
3. Re. 1
4. Rs. 20

**3**. A shopkeeper purchases a product for Rs.100 and sells it making a profit of 10%. The customer resells it to the same shopkeeper incurring a loss of 10%. In these dealings the shopkeeper makes

1. no profit, no loss
2. Rs. 11
3. Re. 1
4. Rs. 20

**4**. जैसे दर्शाया गया है, परिमाप 165 के एक बड़े आयत के अंदर पाँच सर्वांगसम आयत खींचे जाते हैं। इन पांचों आयतों में से किसी एक का परिमाप क्या है?



1. 37　　2. 75
3. 15　　4. 165

**4**. Five congruent rectangles are drawn inside a big rectangle of perimeter 165 as shown. What is the perimeter of one of the five rectangles?



1. 37　　2. 75
3. 15　　4. 165

**5**. एक व्यक्ति 10 km/h की गति से अनुढ़ाल, 6 km/h की गति से ऊर्ध्व, तथा 7.5 km/h की गति से समतल में चलता है। यदि उसे स्थान A से दूसरे स्थान B तक जाने के लिए 3 घंटे लगते हैं, तथा वापसी के लिए 1 घंटा, A तथा B के बीच की दूरी है:

1. 15 km.
2. 23.5 km.
3. 16 km.
4. दूरी के परिकलन के लिए दिये गये आंकड़े अपर्याप्त हैं।

**5**. A person walks downhill at 10 km/h, uphill at 6 km/h and on the plane at 7.5 km/h. If the person takes 3 hours to go from a place A to another place B, and 1 hour on the way back, the distance between A and B is

1. 15 km.
2. 23.5 km.
3. 16 km.
4. Given data is insufficient to calculate the distance.

**6**. एक बर्तन में जल अधूरा भरा जाता है। और जल उसमें डाला जाता है, समय के सीधे अनुपात की गति से [अर्थात्, $\frac{dV}{dt} \propto t$] । जल के कुल आयतन $V$ को समय $t$ के साथ-साथ परिवर्तन को निम्न रेखाचित्रों में से कौन-सा सही दर्शाता है?




**6**. A vessel is partially filled with water. More water is added to it at a rate directly proportional to time [$i.e., \frac{dV}{dt} \propto t$]. Which of the following graphs depicts correctly the variation of total volume $V$ of water with time $t$?




**7**. किसी क्षण घड़ी के अंकपट्ट में घंटे की सुई एवं मिनट की सुई 5 तथा 6 अंकों के बीच एक के ऊपर एक आते हैं। इस क्षण में मिनट की सुई की नोक

1. 6 अंक के अधिक पास है।
2. 5 तथा 6 अंकों से समान दूरी पर है।
3. 5 अंक के अधिक पास है।
4. 11 तथा 12 अंकों से समान दूरी पर है।

**7**. At one instant, the hour hand and the minute hand of a clock are one over the other in between the markings for 5 and 6 on the dial. At this instant, the tip of the minute hand

1. is closer to the marking for 6
2. is equidistant from the markings for 5 and 6
3. is closer to marking for 5
4. is equidistant from the markings for 11 and 12

**8**. एक पक्षी अपने घोंसले को छोड़कर उड़ जाता है। घोंसले से उसकी दूरी $x$, समय $t$ के फलन के रूप में चित्रित किया गया है। निम्न चित्रों में कौन-सा सही हो नहीं सकता?




**8**. A bird leaves its nest and flies away. Its distance $x$ from the nest is plotted as a function of time $t$. Which of the following plots cannot be right?




**9**. 1 सें.मी. मोटे गत्ते से बना एक घन गत्तीय बक्से का बाह्य पार्श्व 29 सें.मी. का है। उसी मोटाई के दूसरे एक बक्से को उसके अंदर कसकर रखा जाता

है, एक और उसके अंदर, ऐसे सिलसिला चलता है। पूरे समुच्चय में कितने घन बक्से होंगे?

1. 29
2. 28
3. 15
4. 14

**9**. A cubical cardboard box made of 1 cm thick card board has outer side of 29 cm. A tight-fitting cubical box of the same thickness is placed inside it, then another one inside it and so on. How many cubical boxes will be there in the entire set?

1. 29
2. 28
3. 15
4. 14

**10**. लाल, हरा एवं नीला, इन तीन प्राथमिक वर्णों को अलग अनुपातों में मिश्रण करके द्वितीय वर्ण बनाये जाते हैं। हर प्राथमिक वर्ण 8 संभाव्य स्तरों में आता है। धूसर, लाल, हरे एवं नीले के समान अनुपातों के मिश्रण से बनता है। इस योजनानुसार धूसर के कितने स्तर होंगे?

1. $8^3$
2. 8
3. $3^8$
4. $8 \times 3$

**10**. Secondary colours are made by a mixture of three primary colours, Red, Green and Blue, in different proportions; each of the primary colours comes in 8 possible levels. Grey corresponds to equal proportions of Red, Green and Blue. How many shades of grey exist in this scheme?

1. $8^3$
2. 8
3. $3^8$
4. $8 \times 3$

**11**. द्विविमी समतल पर, रेखाओं $y = x, y = 1 - x$ तथा $x = 0$ से बनाया गया त्रिभुज है: ($x$ तथा $y$ अक्ष समान मापक्रम के हैं)

1. द्विसमभुज एवं लंबकोण
2. द्विसमभुज परंतु लंबकोण नहीं
3. लंबकोण परंतु द्विसमभुज नहीं
4. न तो द्विसमभुज, न तो लंबकोण

**11**. The triangle formed by the lines $y = x, y = 1 - x$ and $x = 0$ in a two dimensional plane is ($x$ and $y$ axes have the same scale)

1. isosceles and right-angled
2. isosceles but not right-angled
3. right-angled but not isosceles
4. neither isosceles nor right-angled

**12**. A तथा B दो बाल्टी हैं। प्रारंभ में A में 2 लिटर जल है तथा B खाली। हर घंटे A से B में एक लिटर जल स्थानांतरित किया जाता है, तथा उसके आधे घंटे के पश्चात B से A में $\frac{1}{2}$ लिटर जल स्थानांतरित किया जाता है। जल्द से जल्द A खाली होगा :

1. 5 घंटों के बाद
2. 4 घंटों के बाद
3. 3 घंटों के बाद
4. 2 घंटों के बाद

**12**. There are two buckets A and B. Initially A has 2 litres of water and B is empty. At every hour 1 litre of water is transferred from A to B followed by returning $\frac{1}{2}$ litre back to A from B half an hour later. The earliest A will get empty is in:

1. 5 h
2. 4 h
3. 3 h
4. 2 h

**13**. कथन A: निम्न कथन सत्य है।
कथन B: उपरोक्त कथन झूठ है।
सही निष्कर्ष को निम्न में से चुनें:

1. कथन A तथा कथन B दोनों हमेशा सही हैं।
2. कथन A तथा कथन B दोनों सही हो सकते हैं, यदि A तथा B के बीच कम-से-कम एक और कथन होता।
3. कथन A तथा कथन B दोनों सही हो सकते हैं, यदि A तथा B के बीच कम-से-कम दो और कथन होते।
4. कथन A तथा कथन B दोनों स्वतंत्र: कभी सही नहीं हो सकते।

**13**. Statement A. The following statement is true
Statement B. The preceding statement is false.
Choose the correct inference from the following:

1. Statements A and B are always true
2. Statements A and B can be true if there is at least one statement between A and B
3. Statements A and B can be true if there are at least two statements between A and B
4. Statements A and B can never be true, independently.

**14**. एक कार 60 km/h गति से चल रही है। उसके पैयों के सबसे ऊपर स्थित बिन्दुओं की तत्कालिक गति है

1. 60 km/h आगे की तरफ
2. 120 km/h आगे की तरफ

3. 60 km/h आगे की तरफ
4. 120 km/h आगे की तरफ

**14**. A car is moving at 60 km/h. The instantaneous velocity of the upper most points of its wheels is
1. 60 km/h forward
2. 120 km/h forward
3. 60 km/h backward
4. 120 km/h backward

**15**. यदि D + I + M = 1501
C+ I + V + I + L = 157
L + I + V + I + D = 557
C +I + V+ I + C = 207
है तो V + I + M = ?
1. इसका पता नहीं लगाया जा सकता
2. 1009
3. 1006
4. 509

**15**. If D + I + M = 1501
C+ I + V + I + L = 157
L + I + V + I + D = 557
C +I + V+ I + C = 207
What is V + I + M = ?
1. Cannot be found
2. 1009
3. 1006
4. 509

**16**. एक जीवित कोशिका में जल-आधारित जीवद्रव्य एक वसा द्विपरत झिल्ली से सीमांकित है। यदि कोशिका को अपने व्यास के $\frac{1}{5}$ भाग तक एक बहुत नुकीली सुई से छेदित किया जाता है, सुई को बाहर निकालने के बाद
1. कोई प्रभाव देखा नहीं जाएगा।
2. जब तक कोशिका घाव को स्वस्थ नहीं कर देता तब तक सुई से बनाई गयी छेद से जीवद्रव्य का बहिस्राव होगा।
3. जब तक कोशिका मर नहीं जाती तब तक जीवद्रव्य का बहिस्राव घटता रहेगा।
4. गुब्बारे जैसे कोशिका फटेगी।

**16**. A living cell has a protoplasm which is water based and demarcated by a lipid bilayer membrane. If a cell is pierced up to $\frac{1}{5}$ th of its diameter with a very sharp needle, after taking the needle out
1. no effect will be observed.
2. protoplasm will leak out from the hole made by the needle for a few minutes until the cell heals the wound.
3. protoplasm will keep on leaking out till the cell is dead.
4. the cell will burst like a balloon.

**17**. एक चावल के अनाज का घनत्व है 1.5 g/cc तथा चावल के ढेर का पुंज घनत्व है 0.80 g/cc । यदि 1 लिटर के एक पात्र को चावल से पूरा भर दिया जाता है, तो पात्र में रिक्त स्थान का कुल आयतन होगा लगभग

1. 350 cc    2. 465 cc
3. 550 cc    4. 665 cc

**17**. Density of a rice grain is 1.5 g/cc and bulk density of rice heap is 0.80 g/cc. If a 1 litre container is completely filled with rice, what will be the approximate volume of pore space in the container?

1. 350 cc    2. 465 cc
3. 550 cc    4. 665 cc

**18**. एक वृत्ताकार तालाब की परिधि पर स्थित एक बिंदु A से एक कछुआ तैरना शुरू करता है। एक सरल रेखा में 4 मीटर तैरने के बाद वह तालाब की परिधि पर स्थित बिंदु B पर आता है। वहां से वह दिशा बदलता है तथा 3 मीटर सरल रेखा में तैरने के बाद वह A से व्यासत: उल्टी बिंदु D पर आ जाता है। A से D की क्या दूरी है?

1. 3 m    2. 4 m
3. 7 m    4. 5 m

**18**. A turtle starts swimming from a point A located on the circumference of a circular pond. After swimming for 4 meters in a straight line it hits point B on the circumference of the pond. From there it changes direction and swims for 3 meters in a straight line and arrives at point D diametrically opposite to point A. How far is point D from A?

1. 3 m    2. 4 m
3. 7 m    4. 5 m

**19**. चार वृत्त, जिनमें से हर एक की त्रिज्या एक है, ऐसे बनाये जाते हैं कि हर वृत्त दो और वृत्तों को छूता है, तथा उनके केंद्र एक वर्ग के चार शीर्ष पर पड़ते हैं। चारों वृत्तों के बीच घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल है

1. $\pi-1$ 2. $\pi-2$
3. $3-\pi$ 4. $4-\pi$

**19**. Four circles of unit radius each are drawn such that each one touches two others and their centres lie on the vertices of a square. The area of the region enclosed between the circles is

1. $\pi-1$ 2. $\pi-2$
3. $3-\pi$ 4. $4-\pi$

**20**. एक फ़िल्म प्रोजक्टर तथा एक सूक्ष्मदर्शी समान आवर्धन देते हैं। परंतु जीवित कोशिकाओं को देखने के लिए प्रोजेक्टर काम में इसलिये नहीं लिया जाता कि

1. एक जीवित कोशिका को एक प्रोजेक्टर पर रखा नहीं जा सकता
2. दर्शक की आंखें सूक्ष्मदर्शी के पास होती हैं, परंतु प्रोजेक्टर से काफी दूर होती हैं।
3. सूक्ष्मदर्शी एक कल्पित विम्ब बनता है जबकि प्रोजेक्टर एक वास्तविक विम्ब बनाता है।
4. प्रोजेक्टर की अपेक्षा सूक्ष्मदर्शी की कहीं अधिक विभेदन शक्ति है।

**20**. A film projector and microscope give equal magnification. But a film projector is not used to see living cells because

1. a living cell cannot be placed in a film projector.
2. the viewer's eye is close to a microscope whereas it is far away from the projector's screen.
3. a microscope produces a virtual image whereas a projector produces a real image.
4. a microscope has greater resolving power than a projector.

## *भाग* \PART 'B'

**21.** 0.2 M $Na_2HPO_4$ घोल का आयनी सामर्थ्य होगा

1. 0.2 M 2. 0.4 M
3. 0.6 M 4. 0.8 M

**21.** The ionic strength of a 0.2 M $Na_2HPO_4$ solution will be

1. 0.2 M 2. 0.4 M
3. 0.6 M 4. 0.8 M

**22.** न्यूक्लिओटाइड जैवसंश्लेषण के लिए उबार पथिका अपूर्ण एक कोशिका वंश को $^{15}N$ लेबलित एमिनो अम्ल युक्त एक माध्यम खिलाया गया। निम्न एमिनों अम्लों में से किसके साथ उपचार $^{15}N$ लेबलित प्यूरिनों को संभवत: उत्पादित करेगा?

1. एस्पार्टिक अम्ल
2. ग्लाइसीन
3. ग्लूटामिन
4. एसपार्टामिन

**22.** A cell line deficient in salvage pathway for nucleotide biosynthesis was fed with medium containing $^{15}N$ labelled amino acids. Purines were then extracted. Treatment with which one of the following amino acids is likely to produce $^{15}N$ labelled purines?

1. Aspartic acid
2. Glycine
3. Glutamine
4. Aspartamine

**23.** निम्न युक्तियों में से किसके द्वारा एन्ज़ाइम किसी अभिक्रिया को त्वरित करतें हैं?

1. संक्रमण अवस्था की रचना हेतु आवश्यक ऊर्जा को घटाकर
2. क्रियाधार की गतिक ऊर्जा के वर्धन से
3. क्रियाधार तथा उत्पाद के बीच मुक्त ऊर्जा भेद को बढ़ाकर
4. एन्जाइमों की हस्तांतरण संख्या को बढ़ाकर

**23.** Enzymes accelerate a reaction by which one of the following strategies?

1. Decreasing energy required to form the transition state.
2. Increasing kinetic energy of the substrate.
3. Increasing the free energy difference between substrate and the product.
4. Increasing the turn over number of enzymes.

**24.** ऑक्सीकरणी फ़ास्फ़ोरिलीकरण के अभिक्रिया केंद्रों का युग्मन निम्न में से किसके द्वारा प्राप्त किया जाता है?

1. सभी चार अभिक्रिया केन्द्रों की एक संकुल बनाकर
2. चारों संकुलों के आंतरिक झिल्ली में स्थानीकरण से

3. युबिक्विनोन तथा साईटोक्रोम C
4. प्रोटॉनों के पंपन द्वारा

**24.** Coupling of the reaction centers of oxidative phosphorylation is achieved by which one of the following?

1. Making a complex of all four reaction centers.
2. Locating all four complexes in the inner membrane.
3. Ubiquinones and cytochrome C.
4. Pumping of protons.

**25.** किसी जीवाणु का संजीन एकमात्र DNA अणु से बना है, जिसकी लंबाई $10^9$ bp है। संजीनी DNA के कितने मोल जीवाणु में उपस्थित हैं? [मानें कि एवोगैड्रो संख्या है $= 6 \times 10^{23}$]

1. $\frac{1}{6} \times 10^{-23}$
2. $\frac{1}{6} \times 10^{-14}$
3. $6 \times 10^{14}$
4. $6 \times 10^{23}$

**25.** The genome of a bacterium is composed of a single DNA molecule which is $10^9$ bp long. How many moles of genomic DNA is present in the bacterium? [Consider Avogadro No $= 6 \times 10^{23}$]

1. $\frac{1}{6} \times 10^{-23}$
2. $\frac{1}{6} \times 10^{-14}$
3. $6 \times 10^{14}$
4. $6 \times 10^{23}$

**26.** एक प्रारूपिक *E. coli* कोशिका को अपने गुणसूत्र को पूर्णतया प्रतिकृत करने 40 मिनट लगते हैं। गुणसूत्र प्रतिकृतियन के साथ-साथ, कोशिका के भाजन के पूर्व 20 मिनटों में प्रतिकृतियन का एक नया दौर पूरा किया जाता है। संकुल माध्यम में 37°C में विकसित *E. coli* का जननकाल क्या होगा?

1. 20 मिनट
2. 40 मिनट
3. 60 मिनट
4. 30 मिनट

**26.** It takes 40 minutes for a typical *E. coli* cell to completely replicate its chromosome. Simultaneous to the ongoing replication, 20 minutes of a fresh round of replication is completed before the cell divides. What would be the generation time of *E. coli* growing at 37°C in complex medium?

1. 20 minutes
2. 40 minutes
3. 60 minutes
4. 30 minutes

**27.** एक अति जलभीत क्षेत्रयुक्त ग्लाइकोफ़ोरिन एक फ़ास्फोलिपिड़ द्विपरत झिल्ली पर फैल सकता है केवल

1. एक बार
2. दो बार
3. तीन बार
4. चार बार

**27.** Glycophorin having one highly hydrophobic domain is able to span a phospholipid bilayer membrane only

1. once
2. twice
3. thrice
4. four times

**28.** कोशिका चक्र की घटनायें निम्न दी गयी हैं

(a) लेमिन A, B, C का फ़ास्फोरिलीकरण
(b) Rb (रेटिनोब्लास्टोमा प्रोटीन) का फ़ास्फोरिलीकरण
(c) सेक्यूरिन का बहुलसार्वत्रीकरण
(d) आंतरिक केंद्रकीय झिल्ली प्रोटीनों तथा केंद्रकीय रंध्र सम्मिश्र प्रोटीनों का गुणसूत्रों से साहचर्य

स्तनी कोशिका चक्र का सही घटनाक्रम निम्न में से क्या है?

1. a→b→c→d
2. b→c→d→a
3. c→a→b→d
4. b→a→c→d

**28.** Given below are events in the cell cycle.

(a) Phosphorylation of lamin A, B, C
(b) Phosphorylation of Rb (Retinoblastoma protein)
(c) Polyubiquitination of securin
(d) Association of inner nuclear membrane proteins and nuclear pore complex proteins with chromosomes.

Which one of the following reflects the correct sequence of events in the mammalian cell cycle?

1. a→b→c→d
2. b→c→d→a
3. c→a→b→d
4. b→a→c→d

**29.** निम्न रसायनों में से कौन-सा एक DNA अंतर्निवेशक है?

1. 5-ब्रोमोयूरासील
2. इथैल मीथेन सल्फोनेट
3. एक्रिडीन ऑरंज
4. पराबैंगनी

**29.** Which one of the following chemicals is a DNA intercalator?
1. 5-Bromouracil
2. Ethyl methane sulfonate
3. Acridine orange
4. UV

**30.** आवेशित tRNA अणु के 3' अंत्य के सदृश एक प्रतिजैविक है:
1. स्ट्रेप्टोमाइसीन
2. स्पर्सोमाइसीन
3. प्यूरोमाइसीन
4. टेट्रासाईक्लीन

**30.** An antibiotic that resembles the 3'end of a charged tRNA molecule is:
1. Streptomycin
2. Sparsomycin
3. Puromycin
4. Tetracycline

**31.** α-एमानिटिन एक कवकी आविष है जो सुकेन्द्रकीय RNA पलिमरेज़ों का संदमन करता है। तीन सुकेन्द्रकीय RNA पलिमरेज़ इस आविष के लिए भिन्न रूप से संवेदनशील हैं। α-एमानिटिन के लिए संवेदनशीलता के संदर्भ में निम्न क्रमों (उच्च से न्यून तक) में से कौन-सा सही है?
1. RNA POL III > RNA POL II > RNA POL I
2. RNA POL II > RNA POL III > RNA POL I
3. RNA POL I > RNA POL III > RNA POL II
4. RNA POL II > RNA POL I > RNA POL III

**31.** α-Amanitin is a fungal toxin which inhibits eukaryotic RNA polymerases. The three eukaryotic RNA polymerases show differential sensitivity to this toxin. Which one of the following order (higher to lower) is correct in respect of sensitivity towards α-amanitin?
1. RNA POL III > RNA POL II > RNA POL I
2. RNA POL II > RNA POL III > RNA POL I
3. RNA POL I > RNA POL III > RNA POL II
4. RNA POL II > RNA POL I > RNA POL III

**32.** सुकेंद्रकीय प्रतिकृतियन में, सभी प्रतिकृतिकर्ताओं में हेलिकेज़ भारण इस दौरान होता है:
1. $G_0$ प्रावस्था
2. $G_1$ प्रावस्था
3. S प्रावस्था
4. $G_2$ प्रावस्था

**32.** In eukaryotic replication, helicase loading occurs at all replicators during
1. $G_0$ phase
2. $G_1$ phase
3. S phase
4. $G_2$ phase

**33.** कोशिकाआविषी T कोशिकायें अभिव्यक्त करती हैं
1. CD8 चिह्नक को, तथा श्रेणी II MHC प्रतिबंधित हैं।
2. CD4 चिह्नक को, तथा श्रेणी I MHC प्रतिबंधित हैं।
3. CD4 चिह्नक को, तथा श्रेणी II MHC प्रतिबंधित हैं।
4. CD8 चिह्नक को, तथा श्रेणी I MHC प्रतिबंधित हैं।

**33.** Cytotoxic T cells express
1. CD8 marker and are class II MHC restricted
2. CD4 marker and are class I MHC restricted
3. CD4 marker and are class II MHC restricted
4. CD8 marker and are class I MHC restricted

**34.** अर्बुद जीन का उत्परिवर्तन निम्न वर्गों में से किसमें पड़ता है?
1. प्रकार्यनाश उत्परिवर्तन
2. प्राधार स्थानांतरण उत्परिवर्तन
3. प्रकार्यलाभ उत्परिवर्तन
4. प्रबल ऋण उत्परिवर्तन

**34.** The mutation in an oncogene falls under which of the following classes?
1. Loss of function mutation
2. Frame shift mutation
3. Gain of function mutation
4. Dominant negative mutation

**35.** निम्न में से कौन-सा एक कोशिका-आसंजन प्रोटीन **नहीं** है?
1. कैढ़ेरिन
2. सेलेक्टिन
3. इम्मयूनोग्लाबुलिन (Ig) महाकुटुंब
4. लैमिनिन

**35.** Which of the following is **NOT** a cell adhesion protein?
1. Cadherin
2. Selectin
3. Immunoglobulin (Ig) superfamily
4. Laminin

**36.** निम्न में से कौन-सा एक दूसरा दूत **नहीं** है?
1. चक्रिक GMP
2. डायऐसाइल ग्लिसेरॉल
3. इनोसिटॉल ट्राइफ़ॉस्फेट
4. फ़ास्फ़ोटाइडिल इनोसिटॉल

**36.** Which of the following is **NOT** a second messenger?
1. Cyclic GMP
2. Diacylglycerol
3. Inositol triphosphate
4. Phosphatidyl inositol

**37.** चिंगने में पंख पिच्छ, जांघ पिच्छ, तथा पंजों का विकास डेर्मिन के विभिन्न स्रोतों से प्राप्त मध्योतक घटकों से प्रेरित उपकला विशिष्टता पर निर्भर है। यह निम्न में से किसका श्रेय है?
1. ऑटोक्राइन अन्योन्यक्रिया
2. प्रेरण की क्षेत्रीय विशिष्टता
3. हार्मोन द्वारा ग्राही सक्रियण
4. जीनी अन्योन्यक्रियाओं का निष्क्रियण

**37.** In chick, development of wing feather, thigh feather and claws depends on epithelial specificity conferred by induction from mesenchymal components from different sources of the dermins. This may be attributed to?
1. Autocrine interaction
2. Regional specificity of induction
3. Receptor activation by hormones
4. Inactivation of genetic interactions

**38.** निम्न परतों में से किससे फेफडे के कूपिकाई कोशिकायें उद्भवित होती है?
1. मध्यचर्म
2. अंतश्चर्म
3. बाह्यचर्म
4. अंतश्चर्म तथा बाह्यचर्म, दोनों

**38.** Alveolar cells of the lung arise from which one of the following layer(s)?
1. Mesoderm
2. Endoderm
3. Ectoderm
4. Both ectoderm and endoderm

**39.** भ्रूण की सतह से अंदर तक वैयक्तिक कोशिकाओं का प्रवासन कहलाता है
1. अंत:क्रमण
2. प्रतिकेंद्रण
3. अंतर्वलन
4. विस्तरण

**39.** Migration of individual cells from the surface into the embryo's interior is termed as
1. ingression
2. involution
3. invagination
4. delamination

**40.** पुष्पांग विकास, विभिन्न चक्करों में 'A' वर्ग 'B' वर्ग तथा 'C' वर्ग जीनों की अतिव्यापी अभिव्यक्तियों से नियंत्रित हैं। एक एराबिडोप्सिस उत्परिवर्ती में, पुष्पों के बाह्य दल, बाह्यदल, अंडप तथा अंडप चारों चक्करों में हैं। उत्परिवर्ती लक्षणप्ररूप का कारण निम्न में से किसमें हुआ उत्परिवर्तन है?
1. मात्र 'A' वर्ग जीन
2. मात्र 'B' वर्ग जीन
3. 'A' तथा 'B' वर्ग जीन
4. मात्र 'C' वर्ग जीन

**40.** Floral organ development is controlled by overlapping expression of 'A' class, 'B' class and 'C' class genes in different whorls. In an *Arabidopsis* mutant, the flowers had sepals, sepals, carpels and carpels in the four whorls. Mutation in which one of the following is the cause for the mutant phenotype?
1. 'A' class gene alone
2. 'B' class gene alone
3. 'A' and 'B' class genes
4. 'C' class gene alone

**41.** फ़ीनाइल एलानीन, जो उच्चकोटि पादपों में अधिकांश फीनोलिक्स की पूर्ववर्ती है, निम्न पथिकाओं में से किसका उत्पादन है ?
1. शिखिमिक अम्ल पथिका
2. मेलोनिक अम्ल पथिका
3. मेवलोनिक अम्ल पथिका
4. मीथैलएरिथ्रिटॉल अम्ल पथिका

**41.** Phenylalanine, a precursor of most of the phenolics in higher plants is a product of which one of the following pathways?
1. Shikimic acid pathway
2. Malonic acid pathway
3. Mevalonic acid pathway
4. Methylerythritol pathway

**42.** निम्न दैहिक अध्ययनों में से किसमें $^{12}CO_2$ तथा $^{13}CO_2$ उपयोग किये जाते हैं?
1. प्रकाशसंश्लेषण गति का आकलन
2. प्रकाशश्वसन गति का आकलन
3. $CO_2$ स्थिरीकरण की $C_4$ तथा CAM पथिकाओं का अनुपात
4. $CO_2$ स्थिरीकरण की $C_3$ तथा $C_4$ पथिकाओं का अनुपात

**42.** For which one of the following physiological studies $^{12}CO_2$ and $^{13}CO_2$ are used?
1. Estimate the rate of photosynthesis
2. Determine rate of photorespiration
3. The ratio of $C_4$ and CAM pathways of $CO_2$ fixation
4. The ratio of $C_3$ and $C_4$ pathways of $CO_2$ fixation

**43.** संचयित स्टार्च को तोड़ने के संचालन करके बीज अंकुरण को गिब्बेरिलिक अम्ल (GA) नियंत्रित करता है। जौ बीज के निम्न ऊतकों में से किसमें GA की अनुक्रिया में $\alpha$-एमिलेज़ जीन प्रेरित होता है?
1. भ्रूणपोष
2. प्रांकुर चोल
3. एल्यूरोन परत
4. भ्रूण

**43.** Gibberellic acid (GA) controls seed germination by directing breakdown of the stored starch. In which one of the following tissues of the barley seed, $\alpha$-amylase gene is induced in response to GA?
1. Endosperm
2. Coleoptile
3. Aleurone layer
4. Embryo

**44.** पर्णों द्वारा वायुमंडलीय $CO_2$ का प्रकाशसंश्लेषक स्वांगीकरण दो ग्लूकोसनवजननीय पथिकाओं, जो दैहिकत: पृथक हैं, के अंतोत्पादन के रूप में सुक्रोज़ तथा स्टार्च देता है। प्रक्रिया की ऐसी दैहिकत: पृथकीकरण में निम्न कोशिका अंगकों के संयोजनों में से कौन-सा सम्मिलित है?
1. साइटोसॉल में सुक्रोज़ तथा सूत्रकणिकाओं में स्टार्च
2. हरितलवक में सुक्रोज़ तथा साइटोसॉल में स्टार्च
3. सूत्रकणिकाओं में सुक्रोज़ तथा साइटोसॉल में स्टार्च
4. साइटोसॉल में सुक्रोज़ तथा हरितलवक में स्टार्च

**44.** The photosynthetic assimilation of atmospheric $CO_2$ by leaves yield sucrose and starch as end products of two gluconeogenic pathways that are physically separated. Which one of the following combination of cell organelles are involved in such physical separation of the process?
1. Sucrose in cytosol and starch in mitochondria.
2. Sucrose in chloroplasts and starch in cytosol.
3. Sucrose in mitochondria and starch in cytosol.
4. Sucrose in cytosol and starch in chloroplasts.

**45.** किसी मधुमेही रोगी में उपापचयी आम्लरक्तता का विकास हुआ, परिणामस्वरूप गहरी तथा तेज़ सांस लेने लगा, जो कहलाता है
1. कुस्मॉल श्वसन
2. केइन-स्टोक्स् श्वसन प्रतिरूप
3. अरंध्र श्वसन
4. आवर्ती श्वसन

**45.** A diabetic patient developed metabolic acidosis resulting in deep and rapid breathing which is called-
1. Kussmaul breathing
2. Cheyne-Stokes respiratory pattern
3. Apneustic breathing
4. Periodic breathing

**46.** निम्न में से कौन-सा हृदय की गति प्रेरक विभव के साथ सम्मिलित **नहीं** है?
1. "h"- चैनल
2. संक्रमणी कैल्शियम चैनल
3. दीर्घायु कैल्शियम चैनल
4. "f"- चैनल

**46.** Which one of the following is **NOT** involved with the pacemaker potential of heart?
1. "h"- channel
2. Transient calcium channel
3. Long-lasting calcium channel
4. "f"- channel

**47.** एक चुहिया के अधिक संख्या में श्वेताणु तथा अति अल्प केंद्रकित उपकला कोशिकायें युक्त योनी आलेप को पहचानने के लिए आपको कहा जाता है। निम्न में से कौन-सा कोमोन्माद चक्र का सही चरण होगा?
1. पूर्वी कोमोन्माद, पश्च मदपूर्व
2. पश्च कोमोन्माद, पूर्वी मदह्रास
3. पश्च मदह्रास, पूर्वी डियेस्ट्रस
4. पश्च डियेस्ट्रस, पूर्वी मदपूर्व

**47.** You are asked to identify the stage of estrus cycle in vaginal smear of a mouse containing large number of leukocytes and very few nucleated epithelial cells. Which one of the following will be the correct stage of estrous cycle?
1. Early estrus, late proestrus
2. Late estrus, early metestrus
3. Late metestrus, early diestrus
4. Late diestrus, early proestrus

**48.** निम्न तंत्रिप्रेषियों में कौन-सा अनुकंपी तंत्रिका तंत्र के गुच्छिकापूर्व तंत्रिएकों से स्रवित है?
1. एपिनेफ़रीन
2. एसिटिलकोलाइन
3. डोपामिन
4. नोरेपिनेफ्रीन

**48.** Which one of the following neurotransmitters is secreted by the pre-ganglionic neurons of sympathetic nervous system?
1. Epinephrine
2. Acetylcholine
3. Dopamine
4. Norepinephrine

**49.** पर्णों के वर्णकन के लिए उत्तरदायी एक परिकाल्पनिक जैव रासायनिक पथिका निम्नवत है। दो स्वतंत्रत: अपव्यूही जीन '*A*' तथा '*B*' जो निम्न दर्शाये अनुसार एन्जाइमों का कूटलेखन करते हैं, से पथिका नियंत्रित है। उत्परिवर्ती '*a*' तथा '*b*' क्रियाहीन प्रोटीनों का कोडन करते हैं।




किसी पादप को जीनप्ररूप *AaBb* के साथ स्वसंकरण के पश्चात् प्रत्याशित संतति क्या है?
1. हरा (9): श्वेत (4): पीला (3)
2. हरा (9): पीला (4): श्वेत (3)
3. हरा (9): पीला (6): श्वेत (1)
4. हरा (9): श्वेत (7)

**49.** Following is a hypothetical biochemical pathway responsible for pigmentation of leaves. The pathway is controlled by two independently assorting genes '*A*' and '*B*' encoding enzymes as shown below. Mutant alleles '*a*' and '*b*' code for non-functional proteins.




What is the expected progeny after selfing a plant with the genotype *AaBb* ?
1. Green (9): White (4): Yellow (3)
2. Green (9): Yellow (4): White (3)
3. Green (9): Yellow (6): White (1)
4. Green (9): White (7)

**50.** अगुणी अवयवी में जीन '*X*' में उत्परिर्वन घातकता पैदा करता है। जीन '*X*' के प्रकार्य के विश्लेषण के लिए निम्न में से कौन-सा श्रेष्ठतम उचित है?
1. बहुप्रभावी उत्परिवर्ती
2. ताप-संवेदनशील उत्परिवर्ती
3. अप्रभावी उत्परिवर्ती
4. उत्परिवर्ती जिनके अल्प भेदन है

**50.** Mutation in gene '*X*' leads to lethality in a haploid organism. Which one of thefollowing is best suited to analyse the function of gene '*X*'?

1. Pleiotropic mutants
2. Temperature-sensitive mutants
3. Recessive mutants
4. Mutants with low penetrance

**51.** निम्न वंशावली संचित्र दिये गये किसी विशेषक की वंशागति को दर्शाता है:



विशेषक यह कहलायेगा:

1. अलिंगसूत्री प्रभावी
2. अलिंगसूत्री अप्रभावी
3. X-सहलग्न प्रभावी
4. लिंग सीमित

**51.** The following pedigree chart shows inheritance of a given trait



The trait can be called

1. autosomal dominant
2. autosomal recessive
3. X-linked dominant
4. sex limited

**52.** किसी विषमयुग्मी व्यक्ति में, दिये गये जीन के लिए, जीन विस्थल तथा गुणसूत्र के सूत्रकेंद्र के बीच यदि विनिमय घटित हुआ है, अर्धसूत्रण के दौरान दिये गये जीन के दो एलीलों का विसंयोजन कब घटित होगा?

1. या तो पश्चावस्था I या पश्चावस्था II में
2. मात्र पश्चावस्था I में
3. मात्र पश्चावस्था II में
4. पश्चावस्था I तथा II में

**52.** In a heterozygous individual for a given gene, if a crossing over has occurred between the gene locus and the centromere of the chromosome, the segregation of the two alleles of the given gene will occur during meiosis at

1. either anaphase I or anaphase II
2. anaphase I only
3. anaphase II only
4. both anaphase I and II

**53.** ब्रायोफ़ाईट संघ ऐंथोसेरोफ़ाईटा के बहुत सदस्यों का अभिलक्षण है

1. प्रति कोशिका मात्र एक हरितलवक युक्त युग्मकोद्भिद तथा बहु कोशिकाई मूलाभास; बिना रंध्र के बीजाणुउद्भिद
2. प्रति कोशिका मात्र एक हरितलवक युक्त युग्मकोद्भिद तथा एक कोशिकाई मूलाभास; रंध्र युक्त बीजाणुउद्भिद
3. प्रति कोशिका बहुल हरितलवक युक्त युग्मकोद्भिद तथा एक कोशिकाई मूलाभास; बिना रंध्र के बीजाणुउद्भिद
4. प्रति कोशिका मात्र एक हरितलवक युक्त युग्मकोद्भिद तथा बहु कोशिकाई मूलाभास; रंध्र युक्त बीजाणुउद्भिद

**53.** Most members of bryophyte phylum Anthocerophyta are characterized by

1. gametophyte with single chloroplast per cell and multicellular rhizoids; sporophyte without stomata.
2. gametophyte with single chloroplast per cell and unicellular rhizoids; sporophyte with stomata.
3. gametophyte with multiple chloroplasts per cell and unicellular rhizoids; sporophyte without stomata.
4. gametophyte with single chloroplast per cell and multicellular rhizoids; sporophyte with stomata.

**54.** प्राणी (चपटाकृमि, केंचुआ, गोलकृमि) तथा उसके शरीर गुहिका प्रकार (एसिलोमी, सिलोमी, कूटसिलोमी) में सही मेलान को पहचानें:

1. गोलकृमि – कूटसिलोमी; केंचुआ - एसिलोमी; चपटकृमि– सिलोमी
2. गोलकृमि – एसिलोमी; केंचुआ – सिलोमी; चपटकृमि – एसिलीमी
3. गोलकृमि – कूटसिलोमी; केंचुआ – सिलोमी; चपटकृमि – एसिलीमी
4. गोलकृमि – सिलोमी; केंचुआ– कूटसिलोमी; चपटकृमि – एसिलीमी

**54.** Identify the correct match between the animal (flatworm, earthworm, roundworm) and its body cavity type (acoelomate, coelomate, pseudo-coelomate):
1. Roundworm – pseudocoelomate; Earthworm - acoelomate; Flatworm – coelomate
2. Roundworm – acoelomate; Earthworm – coelomate; Flatworm – acoelomate
3. Roundworm – pseudocoelomate; Earthworm – coelomate; Flatworm – acoelomate
4. Roundworm –coelomate; Earthworm – pseudocoelomate; Flatworm – acoelomate

**55.** निम्न अनावृतबीजी संघों में से कौन-सा गतिशील बीज, अलग पादपों पर बीजांडी तथा लघुबीजाणुधनिक शंकु पैदा करता है तथा जिसका गूदेदार तथा लेपित बीज होते हैं?

| | |
|---|---|
| 1. कोनिफ़रोद्भिद | 2. साईकैडोफ़ाईट |
| 3. गिंगोद्भिद | 4. नीटोमोद्भिद |

**55.** Which one of the following gymnosperm phyla produces motile sperms, bears ovulate and microsporangiate cones on separate plants and has fleshy, coated seeds?

| | |
|---|---|
| 1. Coniferophyta | 2. Cycadophyta |
| 3. Ginkgophyta | 4. Gnetophyta |

**56.** 2014 IUCN लाल सूची के अनुसार, निम्न कशेरूकी संवर्गों में से किसकी अधिकतम प्रतिशत संकटापन्न प्रजातियां हैं?

| | |
|---|---|
| 1. स्तनी | 2. पक्षी |
| 3. सरीसृप | 4. उभयचर |

**56.** According to 2014 IUCN Red List, which of the following vertebrate classes has the largest percentage of threatened species?

| | |
|---|---|
| 1. Mammals | 2. Birds |
| 3. Reptiles | 4. Amphibians |

**57.** निम्न समीकरणों में से चरघातांकी आबादी विकास का वर्णन होता है

(a) $dN/dt = rN$
(b) $Nt = N_0 e^{rt}$
(c) $dN/dt = rN\left(\frac{K-N}{K}\right)$
(d) $dN/dt = rN \times N/K$

| | |
|---|---|
| 1. a तथा b से | 2. मात्र a से |
| 3. मात्र c से | 4. b तथा d से |

**57.** In the following equations

(a) $dN/dt = rN$
(b) $Nt = N_0 e^{rt}$
(c) $dN/dt = rN\left(\frac{K-N}{K}\right)$
(d) $dN/dt = rN \times N/K$

exponential population growth is described by

| | |
|---|---|
| 1. a and b. | 2. a only. |
| 3. c only. | 4. b and d. |

**58.** अपने पौधाघर प्रभाव द्वारा कौन सा गैस वैश्विक तापन में योगदान **नहीं** देता?
1. नाईट्रस ऑक्साईड
2. मीथेन
3. कार्बन डॉयक्साईड
4. नाइट्रिक आक्साईड

**58.** Which gas does **NOT** contribute to global warming through its greenhouse effect?
1. Nitrous oxide
2. Methane
3. Carbon dioxide
4. Nitric oxide

**59.** एक रक्त वर्णी नलिकाकार पुष्प, जिसका कोई सुगंध नहीं है, वह अति प्राय: परागणित होता है

| | |
|---|---|
| 1. भृंगों से | 2. भ्रमरों से |
| 3. तितलियों से | 4. पक्षियों से |

**59.** A red coloured tubular flower without any odour is most likely to be pollinated by

| | |
|---|---|
| 1. beetles. | 2. bees. |
| 3. butterflies. | 4. birds. |

**60.** निम्न परिस्थितियों में से कौन-सी नर-एकसंगमन को प्राय: अनुकूलित **नहीं** करती?
1. जब नर को मादा की रक्षा दूसरे नरों से संगमन के विरूद्ध करना पड़ता है।
2. जब नर अधिक समय चारा खोजने में बिताना चाहता है।
3. जब नर को मादा की मदद संतान एवं नीड़-शावक के ध्यान रखने में करना पड़ता है।
4. जब मादा अपने नर की अन्य मादाओं के साथ संगमन करने से रक्षा करती है।

**60.** Which one of the following conditions is **NOT** likely to favour male monogamy?
1. When the male has to guard his mate against mating by another male.
2. When the male wants to spend more time for foraging.
3. When the male has to assist the mate in brood and nestling care.
4. When the female guards her mate against seeking other females to mate.

**61.** किस भूवैज्ञानिक कल्प में आवृतबीजियों का उद्भव एवं विविधता घटित हुआ?
1. पर्मियन 2. ट्रायासिक
3. जूरासिक 4. क्रेटेशियस

**61.** The origin and diversification of Angio-sperms was during which geological period?
1. Permian 2. Triassic
3. Jurassic 4. Cretaceous

**62.** क्रम विकास के बारे में किये गये निम्न कथनों में से कौन-सा सही **नहीं** है?
1. प्राकृतिक वरण का परिणाम है क्रम विकास।
2. क्रम विकास उद्देश्य प्रेरित है।
3. प्राक्केंद्रकी सुकेंद्रकियों से अधिक गति से क्रम विकास करते हैं।
4. यह आवश्यक नहीं है कि क्रमविकास हमेशा श्रेष्ठतर लक्षणप्ररूप में परिणमित होगा।

**62.** Which of the following statements about evolution is **NOT** true?
1. Evolution is the product of natural selection.
2. Evolution is goal-oriented.
3. Prokaryotes evolve faster than eukaryotes.
4. Evolution need not always lead to a better phenotype.

**63.** ग्लिसरॉल के जलीय घोल में ग्लिसरॉल की सांद्रता के आकलन के लिए निम्न में से कौन-सा सरलतम उपाय है?
1. पराबैंगनी अवशोषण स्पेक्ट्रॉस्कोपी
2. गैस क्रोमाटोग्रॉफी
3. pH मापन
4. श्यानता मापन

**63.** Which among the following is the simplest method to estimate the concentration of glycerol in an aqueous solution of glycerol?
1. UV absorption spectroscopy
2. Gas chromatography
3. pH measurement
4. Viscosity measurement

**64.** जीन चिकित्सा विज्ञान का नैदानिक परीक्षणों में अनुप्रयोग सफल इस कारण **नहीं** हुआ
1. पोषी संजीन में किसी जीन का अपर्याप्त समाकलन
2. कोशिकाओं में समाकलित जीन की अभिव्यक्ति का अभाव
3. कोशिका के अंदर जीन का अपकर्ष
4. जीन के समाकलन के परिणाम स्वरूप अर्बुदजीन का सक्रियण

**64.** Application of gene therapy in clinical trials did **NOT** succeed due to
1. poor integration of a gene in the host genome
2. lack of expression of integrated gene in cells
3. degradation of gene inside the cell
4. activation of oncogenes consequent to integration of the gene

**65.** किसी सुकेंद्रकी के 50 kDa प्रोटीन अभिव्यक्त करने वाले जीन को *E. coli* प्लज़्मिड के साथ क्लोनित किया गया, लैक उन्नायक तथा ओपेरान के अंतर्गत। IPTG को मिलाने पर 50 kDa प्रोटीन का संसूचन नहीं हो पाया। उपरोक्त प्रेक्षण की व्याख्या निम्न में से कौन-सा है?
1. क्लोनित अनुक्रम में कोज़ाक अनुक्रम का अभाव था।
2. 40 kDa से बड़े प्रोटीन *E. coli* नहीं बनाता।
3. कोडान वरीयता में अंतर।
4. 50 kDa प्रोटीन में केंद्रकी स्थायीकरण संकेत उपस्थित है।

**65.** A gene expressing a 50 kDa protein from an eukaryote was cloned in an *E. coli* plasmid under the *lac* promoter and operator. Upon addition of IPTG, the 50 kDa protein was not detected. Which one of the following explains the above observation?

1. The cloned sequence lacked the Kozak sequence
2. *E. coli* does not make proteins larger than 40 kDa
3. Differences in codon preference
4. 50 kDa protein contains a nuclear localization signal

**66.** नियोमाईसीन फ़ास्फोर ट्रांस्फ़रेज़, जो पादप रूपांतरण में प्राय: वरण चिह्नक के रूप में काम आता है, निम्न प्रतिजैविकों में से किसका निष्क्रियण करता है?

1. हाईग्रोमाईसीन
2. एम्पिसिलिन
3. स्ट्रेप्टोमाईसीन
4. कानामाईसिन

**66.** Neomycin phosphortransferase gene, frequently used as a selection marker during plant transformation, inactivates which one of the following antibiotics?

1. Hygromycin
2. Ampicillin
3. Streptomycin
4. Kanamycin

**67.** एक ही प्रयोग में सामान्य एवं अर्बुद ऊतकों में 1000 से अधिक विभेदित: अभिव्यक्त जीनों की पहचान हेतु निम्न तकनीकों में से आप किसका उपयोग करेंगे?

1. RAPD
2. जिनोम अनुक्रमण
3. ChIP एसे
4. ट्रांस्क्रिप्टोम विश्लेषण

**67.** Which one of the following techniques will you use to identify more than 1000 differentially expressed genes in normal and tumor tissues in one single experiment?

1. RAPD
2. Genome sequencing
3. ChIP assay
4. Transcriptome analysis

**68.** SDS-PAGE जेल में एकमात्र पथ पर भारण करने पर तीन प्रोटीनों, जो साथ-साथ गतिशील हैं, (एक ही बैंड के रूप में) की पहचान के लिए श्रेष्ठतम उपाय है:

1. एक चरण वेस्टर्न शोषण
2. NMR स्पैक्ट्रास्कोपी
3. वेस्टर्न शोषण तद्पश्चात नग्नीकरण एवं पुन: परीक्षण
4. ESR स्पैक्ट्रास्कोपी

**68.** For identification of three proteins moving together (as a single band) upon loading in a single lane of a SDS-PAGE gel, the best method is:

1. one step Western blot
2. NMR spectroscopy
3. Western blot followed by stripping and reprobing
4. ESR spectroscopy

**69.** ग्लिसरॉल्डिहाईड़-3-फ़ास्फ़ोडीहाईड्रोजनेज़ के उपापचयी लेबलन के लिए उपयुक्ततम समस्थानिक निम्न में से क्या है?

1. $^{14}C$
2. $^{125}I$
3. $^{32}P$
4. $^{131}I$

**69.** Which isotope below is best suited for metabolic labelling of glyceraldehyde-3-phospho-dehydrogenase?

1. $^{14}C$
2. $^{125}I$
3. $^{32}P$
4. $^{131}I$

**70.** एक प्रोटीन की अंतर्भूत प्रति दीप्ति में निम्न में से कौन-सा योगदान देता है?

1. सुगंधित एमिनों अम्ल
2. डाईसल्फाईड आबंध
3. आवेशित एमिनो अम्ल
4. शाखित शृंखला एमिनो अम्ल

**70.** Which one of the following would contribute to intrinsic fluorescence to a protein?

1. aromatic amino acids
2. disulfide bonds
3. charged amino acids
4. branched chain amino acids

# *भाग* \PART 'C'

**71.** निम्न कथनों में से कौन-सा सही है?

1. सभी L-एमिनों अम्लों में मात्र $C^{\alpha}$ कॉर्बन परमाणु इंगिता रखता है।
2. डी ऑक्सी राईबोस ध्रुवण अघूर्णक है।
3. सुक्रोस का विशिष्ट ध्रुवण घूर्णन D-ग्लूकोस एवं D-फ़्रक्टोस के विशिष्ट ध्रुवण घूर्णनों का योगफल होगा।
4. जैव झिल्लियों से पृथकित फ़ास्फ़ोटाईडिल कोलाइन ध्रुवण घूर्णक है।

**71.** Which one of the following statements is correct?

1. In all L-amino acids, only the $C^{\alpha}$ carbon atom is chiral
2. Deoxyribose is optically inactive
3. The specific rotation of sucrose will be the sum of the specific rotations of D-glucose and D-fructose
4. Phosphatidyl choline isolated from biological membranes is optically active

**72.** झिल्ली प्रोटीन अंत:द्रव्यी जालिका में संश्लेषित होते हैं तथा विभिन्न अंगक झिल्लियों तक परिवहित होते हैं। झिल्ली प्रोटीन शाटन के लिए की गयी परिकल्पनाओं में से एक है जलभीतता सुमेलन, अर्थात् लघुतर पार-झिल्ली भाग युक्त प्रोटीन तनुतर झिल्लियों में विभक्त होंगे।
आपको निम्न तीन प्रेक्षण प्रदान किये गये हैं:

A. यह पाया गया गोल्जी झिल्लियों में प्रोटीनों के पार-झिल्ली भाग प्रद्रव्य झिल्लियों में प्रोटीनों के पार-झिल्ली भाग से लघुतर हैं।
B. द्विपरत की मोटाई को कोलेस्टरॉल की उपस्थिति बढ़ाती है।
C. गोल्जी तथा प्रद्रव्य झिल्लियों के फ़ास्फ़ोलिपिड़ बनावट समान है।

निम्न कथनों में से कौन-सा एक सही है?

1. गोल्जी झिल्लियों के प्रोटीनों की अपेक्षा प्रद्रव्य झिल्लियों के प्रोटीनों के दीर्घतर पार-झिल्ली भाग होते हैं।
2. प्रद्रव्य झिल्लियों के प्रोटीनों की अपेक्षा गोल्जी झिल्लियों में प्रोटीनों के दीर्घतर पार-झिल्ली भाग होते हैं।
3. गोल्जी तथा प्रद्रव्य झिल्लियों, दोनों के प्रोटीनों के पार झिल्ली भाग समान हैं।
4. प्रद्रव्य झिल्ली की अपेक्षा गोल्जी झिल्ली में कोलेस्टरॉल अधिक है।

**72.** Membrane proteins are synthesized on endoplasmic reticulum and transported to various organelle membranes. One hypothesis for membrane protein sorting is hydrophobicity matching i.e., the proteins with a shorter transmembrane portion would partition into thinner membranes.
You are given the following three observations

A. It was found that transmembrane portions of proteins in Golgi membranes are shorter than those in plasma membranes
B. Presence of cholesterol increases the thickness of the bilayer
C. The phospholipid composition of Golgi and plasma membranes are same

Which one of the following statements is correct?

1. Proteins in plasma membrane have longer transmembrane portion than proteins in Golgi membranes
2. Proteins in Golgi membranes have longer transmembrane portion than proteins in plasma membranes
3. Proteins of both Golgi and plasmame-mbranes have same length of transmembrane portion
4. Cholesterol is more in Golgi membrane than in plasma membrane

**73.** एकक्लोनी प्रतिरक्षी X के अधिस्थानिक क्षेत्र के किसी प्रोटीन के चार एकल एमिनो अम्ल उत्परिवर्ती (a से d तक) बनाये गये तथा *E. coli* में अभिव्यक्त हुये। ये चार प्रोटीनों को अभिव्यक्त करते चार *E. coli* संवर्धों से पाये गये लाइसेटों को SDS-PAGE gel पर चलाया गया तथा पद्पश्चात् नाईट्रो-सेल्लुलोज़ झिल्ली पर स्थानांतरित किये गये तथा वन्य प्रकार के प्रोटीन के खिलाफ पाले गये एकक्लोनी प्रतिरक्षी X के उपयोग से वेस्टर्न शोषित किये गये। परिणाम निम्न चित्र में प्रस्तुत किये गये हैं।



चार एकल उत्परिवर्तन, अनुक्रमण पर, पये गये कि वेलीन (V) से एलानीन (A); ग्लाईसीन (G) से प्रोलीन (P); एलानीन (A) से एस्पार्टिक अम्ल (D) तथा आईसोल्यूसीन (I) से ल्यूसीन (L) ।

निम्न कथनों में से कौन-सा एक सही है?

1. V ⟶ A के कारण b है तथा G ⟶P के कारण c है।
2. G ⟶ P के कारण b है तथा d V ⟶A के कारण d है।
3. I ⟶ L के कारण d है तथा A⟶D के कारण a है।
4. V ⟶ A के कारण c है तथा I ⟶ L के कारण a है।

